BULANDSHAHR POLICE

दिनांक 22 अक्टूबर 2024 **थाना कोतवाली नगर**

पत्नी की हत्या में संलिप्त हत्यारोपी पति गिरफ्तार, निशांदेही से आलाकत्ल बरामद।

अवगत कराना है कि दिनांक 19.10.2024 को वादिया मन्तशा पुत्री कफिल निवासी मौ0 फैसलाबाद थाना कोतवाली नगर ने तहरीर दी कि उसके पिता कफिल द्वारा ईंट से वार कर उसकी की मां की हत्या कर दी है। घटना के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली नगर पर मुअसं 936/24 धारा 103(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया था।

उक्त घटना में संलिप्त अभियुक्त कफिल को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया तथा निशादेही पर हत्या में प्रयुक्त सीमेंट की ईंट को बरामद किया गया है। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना कोतवाली नगर पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-

1- कफिल पुत्र शौकत निवासी मौ0 फैसलाबाद थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर।

बरामदगी-

1- 01 सीमेंट की ईंट (आलाकत्ल)।

गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ पर बताया कि दिनांक 19.10.2024 को उसका अपनी पत्नी से गृहक्लेश को लेकर झगडा/विवाद हो गया था जिससे उसने सीमेंट की ईंट से वार कर अपनी पत्नी की हत्या कर दी थी।

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. श्री अनिल कुमार शाही प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर।
2. व0उ0नि0 श्री विरेन्द्र शर्मा।
2. है0का0 कपिल चौधरी, है0का0 कुलदीप राठी।

मीडिया सेल बुलंदशहर